''हिसार में लहराया नानाजी देशमुख विश्वविद्यालय का परचम''

विगत दिवसों में वेटेनरी कॉलेज, हिसार हरियाणा में इंडियन सोसायटी ऑफ वेटेनरी सर्जरी की 43वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं अधिवेशन **''पशुओं में निश्चेतना एवं शल्य क्रिया के दौरान होने वाले घातक तनाव से बचाव हेतु आधुनिक तकनीक''** विषय पर सम्पन्न हुआ।

जिसमें देश–विदेश के लगभग 450 वैज्ञानिकों की सहभागिता रही। इस संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल के मार्गदर्शन में सर्जरी विभाग से डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. बबीता दास, डॉ. अपूर्वा मिश्रा, डॉ. रिचा चौरसिया के द्वारा 10 शोध–पत्र प्रस्तुत किये गये।

जिसमें अपूर्वा मिश्रा को यंग सर्जन अवार्ड एवं स्वर्ण पदक मिला एवं डॉ. प्रमोद वी.एस. को पक्षियों में हड्डी टूटने के उपचार हेतु पिन डालने के शोध–पत्र पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। उक्त शोध कार्य को संपादित करने में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा का योगदान सराहनीय रहा।

डॉ. शोभा जावरे को सोसायटी द्वारा आगामी 2 वर्षों के लिए सेन्ट्रल जोन (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) का सचिव बनाया गया है। उपरोक्त उपलब्धि पर माननीय कुलपति, डॉ. पी.डी. जुयाल द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वेटेनरी सर्जरी विभाग को शुभकामनायें दी गई एवं नवीन तकनीकों का पशुचिकित्सा की दिशा में उपयोग करने के लिए निर्देशित दिया गया है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर (म.प्र.)